कोशिश करने वालो की कभी हार नहीं होती

लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती
कोशिश करने वालो की कभी हार नहीं होती

नन्हीं चींटी जब दाना लेकर चलती है
चढती दीवारो पर सौ बार फिसलती है
मन का विश्वास अंगो में साहस भरता है
चढकर गिरना गिरकर चढना न अखरता है
आखिर उसकी मेहनत बेकार नहीं होती
कोशिश करने वालो की कभी हार नहीं होती

असफलता एक चुनौती है, स्वीकार करो
क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो
जब तक सफल न हो, नींद चैन को त्यागो तुम
संघर्षो का मैदान छोड़ मत भागो तुम
कुछ किए बिना ही जय-जयकार नहीं होती
कोशिश करने वालो की कभी हार नहीं होती

NAME-SONALI
CLASS-Xth